# NEW AL WUROOD INTERNATIONAL SCHOOL, JEDDAH

Affiliated to CBSE – New Delhi, No:5730008

**Pre-midterm Examination (2017 -2018)**
**Subject: Hindi**

**Date: 08/06/2017** **Set: A** **Time: 3 Hours**

**Class : 9** **Max. Marks: 80**

**<u>Instructions to the Candidates:</u>**

1. Please check that this question paper contains all the printed pages
2. All answers must be written in the provided answer sheet
3. Read each question carefully and follow the instruction
4. Do not write anything in the margin
5. Do not exceed the prescribed word limit while answering the questions
6. Do not spilt sections

**खंड (क) (15m)**

**प्रश्न1- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे लिखे पश्नों के उत्तर दीजिए ।**

**8 m**

नेता गिरी का लोभ निःसंदेह मनुष्य को पतित बनाता जा रहा है। सारा संसार नेतृत्व की अभिलाषा का शिकार होता जा रहा है। भाषण, तिकड़म और छल ,झूठे वायदों और धोखे की कसमों से सारा सार्वजनिक वातावरण कोलाहलपूर्ण हो गया है। जहां देखो वहीं नेता जी नजर आएँगे। लगता है कि समाज का हर एक व्यक्ति नेता बनना चाहता है भले ही उसका कोई अनुगमन करने वाला ना हो। जब मनुष्य ठान लेता है कि उसे अपने क्षेत्र में आगे बढ़ना है, तब साध्य का आकर्षण उसके भीतर प्रबल हो उठता है और साधन की महत्ता गौण हो जाती है। साधन की महिमा समझने वाल व्यक्ति गलत मार्ग से चलकर आगे नहीं आना चाहेगा और नेतृत्व का लोभ साधन की महिमा को कम करता है। वास्तव

में व्यक्ति का अग्रसर रहने की आकांक्षा रखना अस्वाभाविक नहीं है। प्रत्येक व्यक्ति जीवन में आगे बढ़ना चाहता है, बढ़ना चाहिए तभी विश्व में विकास हो सकेगा,मानव समाज उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो सकेगा। किंतु आगे बढ़ने की आकांक्षा रखने वाले व्यक्ति को इतना अवश्य देख लेना चाहिए कि स्वंय को आगे बढ़ाने के प्रयत्न में वह उन मूल्यों को तो नहीं कुचल रहा जो मनुष्य के वैयक्तिक विकास में कई गुणा मूल्यवान है।

i. **मनुष्य को पतित बनाने वाले कारकों में से प्रमुख हैं-** **1m**

(क)नेतागीरी का लोभ (ख) नेता बनाना

(ग)नेतृत्व करना (घ) मंत्री बनना

ii. **गलत मार्ग पर नहीं चलना चाहेगा-** **1m**

(क) साध्य को लक्ष्य माने वाला (ख) बड़े पदों का सपना देखने वाला

(ग)साधन की महिमा समझने वाला (घ) साधना करने वाला

**iii. अनुगमन शब्द में उपसर्ग है-** **1m**

(क) अनु (ख) गमन

(ग) मन (घ) अनुग

iii. **कोलाहलपूर्ण का अर्थ है-** **1m**

(क) शान्त (ख) अशान्त (ग) ध्वनि से भरा (घ)विषैला

iv. **आज का वतावरण किन बातों से कोलहालपूर्ण हो गया है?** **1m**

v. **प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में आगे बढ़ने से क्या होगा ?** **1m**

vi. **आगे बढ़ने की आकांक्षा रखने वाले व्यक्ति को किस बात का ध्यान रखना चाहिए 1m**

vii. **इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।** **1m**

**प्रश्न2- दिए गए पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे पश्नों के उत्तर दीजिए ।** **7m**

संकटों से वीर घबराते नहीं,

आपदाएं देख छिप जाते नहीं।

लग गए जिस काम में पूरा किया,

काम करके व्यर्थ पछताते नहीं।

हो सरल अथवा कठिन हो रास्ता,

कर्मवीरों को ना इससे वास्ता।

बढ़ चले तो अंत तक ही बढ़ चले,

कठिनतर गिरिश्रृंग ऊपर चढ़ चले।

कठिन पथ को देखकर मुस्कुाते सदा,

संकटों के बीच वे गाते सदा,

हैं असंभव कुछ नहीं उनके लिए,

सरल संभव कर दिखाते है सदा।

यह असंभव कायरों का शब्द है,

कहा था नेपोलियन ने एक दिन।

सच बताऊं ज़िंदगी ही व्यर्थ है,

दर्प बिन, उत्साह बिन और शक्ति बिन।

i. **काव्यांश में किसका उल्लेख किया गया है?** **1m**

(क) बहादुर लोगों का (ख) कर्मवीरों का

(ग) संकट में फंसे व्यक्तियों का (घ) आपत्तियों से घबरानेवालों का

ii. **नेपोलियन ने क्या कहा था ?** **1m**

(क) संभव कायरों का शब्द है

(ख) असंभव कायरों का शब्द है

(ग)ज़िंदगी वहीं जिसमें दर्प नहीं

(घ)मुस्कराना ही ज़िंदगी है

iii. **आपदा शब्द में उपसर्ग है** **1m**

(क) आ (ख) अ (ग) पदा (घ) आप

**iv. काव्यांश में कर्मवीरों की कौन-कौन सी विशेषताएं बताई गई है ?** **2m**

**ज़िंदगी को व्यर्थ क्यों कहा गया है ?** **2m**

## खंड (ख) 15

**प्रश्न3- निम्नखित शब्दों के उपसर्ग छाँटिए।** **2m**

संस्कृति, दुर्भाग्य,उपमान, प्रवास

**प्रश्न4- निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।** **2m**

पगड़ी उतारना,जान वारना,

कोई चारा ना होना, धूल चटाना

**प्रश्न5-निम्नखित वाक्यों में उचित विराम चिन्हों का प्रयोग कीजिए-** **2m**

**क**) उन्होंने कहा कि तुम एक पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो तुम्हें तो शिखर पर पहले ही प्रयास में पहुंच जाना चाहिए

(ख) तुमने इतनी बड़ी जोखिम क्यों ली बचेंद्री

**प्रश्न6-निम्नखित शब्दों के प्रत्यय और मूल शब्द अलग करके लिखों-**

वास्तविक, बचपन,चाँदनी, प्रेमी **2m**

**प्रश्न7-निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक चिन्ह का प्रयोग करिए।** **1m**

सवारना, गुड़िया

**प्रश्न8-निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थानों पर अनुस्वार का प्रयोग करिए।** **1m**

खण्ड , परन्तु

**प्रश्न9-निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थानों पर नुक्ते का प्रयोग करें।** **1m**

फारसी, नजराना

**प्रश्न10-निम्नलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद करिए-** **4m**

हिमालय कंगन

चंचल भ्रमण

## खंड (ग) 25 m

**प्रश्न11- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

(क) हीरे के प्रेमी उसे किस रूप में पंसद करते है? **1m**

(ख) लेखिका को सागरमाथा नाम क्यों अच्छा लगा? **2m**

(ग) तेनजिंग ने लेखिका की तारीफ में क्या कहा? **2m**

(घ) पाठ दुख का अधिकार के लेखक को पास-पड़ोस की दुकानों से बुढ़िया के बारे में क्या जानकारी मिली और लेखक ने बुढिया के दुख का अंदाजा कैसे लगाया **5m**

अथवा

धूल पाठ का मूल भाव स्पष्ट कीजिए

**प्रश्न12-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

(क) कवि रैदास ने गरीब निवाजु किसे कहा है **1m**

(ख) रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है **1m**

(ग) आदमीनामा कविता के आधार पर आदमियों की प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजए। **2m**

**प्रश्न13-निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।**

(क) प्रभु जी तुम चंदन हम पानी, जाकि अंग अंग बास समानी। **2 m**

(ख) रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय। **2m**

टूटे से फिर ना मिले,गांठ पड़ जाए।।

(ग) पगड़ी भी आदमी की उतारे है आदमी **2m**

चिल्ला के आदमी को पुकारे है आदमी

और सुनके दौड़ता है सो है वो भी आदमी

**प्रश्न14-गिल्लू को जाली के पास बैठाकर अपनेपन से बाहर झांकते हुए देखकर लेखिका ने इसे मुक्त करना आवश्यक समझा। यह दर्शाता है किस भी जीव-जंतु आजादी से जीना से पसंद करते है। इसके बारे में अपने विचार लिखिए।** **5m**

**अथवा**

**कुएं में उतरकर चिट्ठियों को निकालने की साहसिक घटना को अपने शब्दों में लिखिए।**

**खंड (घ)**

**प्रश्न15-निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 70 से 80 शब्दों का एक अनुच्छेद लिखिए।**

**5m**

**दहेज प्रथा अथवा जीवन में खेलों का महत्व**

**प्रश्न16- गर्मियों की छुट्टियों में आप एक पर्वतीय स्थल की सैर पर गए थे, अपनी यात्रा के बारे में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।**

**5m**

**प्रश्न17-मोबाईल फोन खरीदते समय ग्राहक और दुकानदार के बीच संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए।**

**5m**

**प्रश्न18 -नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और 30 से 40 शब्दों में इसका वर्णन कीजिए। 5m**

